(पाइ लगा।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 249/2022

ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2022–24 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की पुनर्निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–24 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के आधार पर समिति से प्रसारित विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने तथा तीन चरणों में चयन सूची प्रकाशित कर दिनांक 17.12.2022 तक नामांकन की कार्रवाई की गयी है। अद्यतन नामांकन उपरांत रिक्त रह गए सीटों पर नामांकन हेतु **दिनांक 23.12.2022 से 30.12.2022** तक स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में आवश्यक सूचना समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 246/2022 के माध्यम से प्रसारित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणवश संशोधित किया गया है। **अतः दिनांक 24.12.2022 से 30.12.2022 तक निर्धारित नामांकन कार्यक्रम एवं प्रक्रिया को, पुनर्निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में, रद्द किया जाता है।**

2. पुनर्निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत स्पॉट नामांकन हेतु महाविद्यालयवार रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल **http://deled.biharboardonline.com** पर अपलोड है।

3. **स्पॉट नामांकन हेतु निम्न श्रेणी के अभ्यर्थी पात्र होंगे :–**

(क) वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाईन जमा किया गया है, किन्तु उनका चयन किसी भी चयन सूची में नहीं हुआ है, अथवा

(ख) वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चयन सूची, द्वितीय चयन सूची एवं तृतीय चयन सूची में आवंटित संस्थान में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया है।

- जारी की गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के आलोक में आवंटित महाविद्यालयों में नामांकित अभ्यर्थी स्पॉट नामांकन के लिये पात्र नहीं हैं।

4. **उपर्युक्त श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों के स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

i) इच्छुक अभ्यर्थी सर्वप्रथम समिति के पोर्टल पर जाकर संस्थानवार रिक्त सीटों की संख्या से अवगत हो लेंगे।

ii) उसके पश्चात् समिति पोर्टल पर जाकर वे अपना बारकोड/Reference Number डालकर स्पॉट नामांकन हेतु अपना CAF डाउनलोड कर लें।

iii) तत्पश्चात् अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन को इच्छुक हैं, वहाँ संगत अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में अपना नामांकन आवेदन समर्पित करेंगे। नामांकन आवेदन के साथ अभ्यर्थी अपने सभी अकादमिक प्रमाण–पत्रों, आरक्षण कोटि/अन्य कोटि से संबंधित प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के अलावे अपना **स्कोर कार्ड एवं CAF अवश्य संलग्न करेंगे।**

iv) महाविद्यालय प्रधान के द्वारा उनके यहाँ प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की पंजी संधारित की जाएगी, जिसमें आवेदन की प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाएगी। प्राप्ति संख्या क्रमिक आगामी तिथियों में क्रमिक रूप से बढ़ती जाएँगी, अर्थात् आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित द्वितीय एवं आगामी तिथियों को प्राप्ति संख्या 01 से शुरू न कर उस संख्या से शुरू की जाएगी, जो पूर्व की तिथि की अंतिम प्राप्ति संख्या के तुरंत बाद है।

v) अभ्यर्थी से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर महाविद्यालय द्वारा तत्क्षण ही उसे आवेदन पत्र की छायाप्रति पर आवेदन की प्राप्ति (Receiving) दी जाएगी। आवेदन की छायाप्रति पर Receiving के साथ–साथ आवेदन प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

vi) महाविद्यालय आवदेक अभ्यर्थियों के CAF No. को अपने लॉग इन में प्रविष्ठ कर यह संतुष्ट हो लेंगे कि उक्त आवेदक का नामांकन किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है।

vii) आवेदन की प्रक्रिया समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय द्वारा स्कोर कार्ड में अंकित अभ्यर्थी के "रैंक" के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) करते हुए आपत्ति आमंत्रण किया जाएगा।

viii) तत्पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्ति/आपत्तियों का निराकरण करते हुए महाविद्यालय द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसे महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) किया जाएगा।

ix) महाविद्यालय द्वारा उक्त मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के नामांकन की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करते हुए उसे समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाएगा।

x) सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के प्रावधान का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

5. **स्पॉट नामांकन की विभिन्न गतिविधियों की समय तालिका निम्नवत् है :–**

कार्य	तिथि
अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि	28.12.2022 से 31.12.2022 तक
मेधा क्रम में औपबंधिक सूची प्रकाशित करने की तिथि	02.01.2023
औपबंधिक सूची पर अभ्यर्थियों से आपत्ति प्राप्त करने की तिथि	03.01.2023 से 04.01.2023 तक
प्राप्त आपत्तियों के निराकारण की तिथि	06.01.2023
प्राप्त आपत्तियों के निराकारण के पश्चात् अंतिम सूची प्रकाशित करने की तिथि	07.01.2023
अंतिम मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि	09.01.2023 से 12.01.2023 तक
नामांकन के पश्चात् समिति के पोर्टल पर अद्यतन करने की तिथि	13.01.2023

परीक्षा नियंत्रक (विविध)